





# ट्रेन की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक गायों की दर्दनाक मौत

नवभारत न्यूज

**भिंड 4 मई।** जिले के फूप क्षेत्र के पास आज सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जहां कोटा-इटावा एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक गायों की मौत हो गई। घटना आज सुबह लगभग 9:50 बजे की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन के गुजरते समय अचानक गायों का झुंड रेलवे ट्रैक पर आ गया, जिससे यह हादसा हो गया। हादसे के बाद ट्रेन कुछ समय के लिए रुकी, फिर थोड़ी दूरी चलने के बाद दोबारा रुक गई और करीब आधे घंटे तक वहीं खड़ी रही।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस हादसे में करीब एक दर्जन गायें ट्रेन से कट गईं, जिनमें कई गर्भवती भी थीं। इस घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है घटना पर दुख व्यक्त करते हुए गौ सेवक एवं बजरंग दल के जिला संयोजक कुलदीप तोमर ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे ट्रैक के आसपास गोवंश की सुरक्षा के लिए ठोस इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही इस दिशा में कार्रवाई नहीं की गई और ऐसी घटनाएं बढ़ती रहीं, तो प्रशासन के खिलाफ बड़ा आंदोलन किया जाएगा स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है कि ट्रैक के किनारे फेंसिंग, निगरानी और गोवंश को रोकने के लिए विशेष व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दुखद घटनाओं से बचा जा सके।

यह घटना एक बार फिर रेलवे ट्रैक के आसपास आवारा पशुओं की बढ़ती समस्या और सुरक्षा व्यवस्था की कमी को उजागर करती है।

# जिन स्थानों पर योजना हैंडओवर हो चुकी है, वहां पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**भिंड 4 मई।** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभागार में समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि कई अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

## कलेक्टर की समय-सीमा पत्रों पर सख्त समीक्षा, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

बैठक के दौरान कलेक्टर ने विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



**सीएम हेल्पलाइन शिकायतों पर विशेष फोकस:** कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने सीएम हेल्पलाइन की विभागवार लंबित शिकायतों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। अधिक समय से लंबित शिकायतों के मामलों में शिकायतकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर समाधान किया जाए।

**नल-जल योजना सुचारू संचालन के निर्देश:** नल-जल योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिन स्थानों पर योजना हैंडओवर हो चुकी है, वहां पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की तकनीकी या संचालन संबंधी समस्या का त्वरित निराकरण किया जाए।

**जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा:** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि सभी स्कूलों में पानी की टंकियों की नियमित सफाई कराई जाए तथा इसकी जानकारी पोर्टल पर दर्ज की जाए। साथ ही टंकियों पर सफाई की तिथि भी अनिवार्य रूप से अंकित की जाए।

**डॉग बाइट मामलों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश:** जिले में बढ़ते डॉग बाइट मामलों को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने टीकाकरण अभियान संचालित करने तथा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एंटीरेबीज वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि व्यापक जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को जानकारी दी जाए कि डॉग बाइट की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचकर एंटीरेबीज वैक्सीन लगवाएं।

**ई-केवाईसी और समग्र आईडी कार्य में तेजी लाने के निर्देश:** ई-केवाईसी की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी नगरीय निकायों के सीएमओ एवं जनपद पंचायत सीईओ को समग्र ई-केवाईसी कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समग्र आईडी से संबंधित कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया जाए तथा प्रगति में तेजी लाई जाए। इसके अलावा कलेक्टर ने सीएम मॉनिट, सीएस मॉनिट एवं टीएल पत्रों के निराकरण की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# अतरसिंह की सेवानिवृत्ति पर जल संसाधन विभाग में भव्य विदाई समारोह आयोजित



नवभारत न्यूज

**गोहद 4 मई।** जल संसाधन विभाग में पदस्थ वरिष्ठ कर्मचारी अतरसिंह यादव के सेवानिवृत्त होने पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा एक भावपूर्ण एवं भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने श्री यादव के लंबे सेवाकाल को याद करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।

समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि अतरसिंह यादव ने अपने सेवाकाल में ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ कार्य किया। उनके सरल स्वभाव एवं सहयोगी व्यवहार के कारण वे विभाग में सभी के प्रिय रहे। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से विभाग को निरंतर लाभ मिला।

इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा श्री यादव को शॉल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सहकर्मियों ने उनके साथ बिताए गए पलों को याद करते हुए भावुक क्षण साझा किए। विदाई के दौरान माहौल भावनात्मक हो गया।

अपने संबोधन में अतरसिंह यादव ने विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने हमेशा परिवार की तरह सहयोग और स्नेह प्राप्त किया। उन्होंने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा करते हुए सभी को आगे भी निष्ठा से कार्य करने की प्रेरणा दी।

# मालनपुर में स्वच्छता के नाम पर करोड़ों का खेल, फीडबैक फाउंडेशन पर गंभीर आरोप

नवभारत न्यूज

**मालनपुर 4 मई।** नगर परिषद मालनपुर में स्वच्छता और जल संरक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप लगा है। नगर वासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर फीडबैक फाउंडेशन नामक संस्था को तत्काल ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है।

शिकायतकर्ता लालजी सिंह भदौरिया, बृजेंद्र पाल बंसल, सचिन शर्मा समेत नगर वासियों का आरोप है कि गोदरेज कंपनी द्वारा अधिकृत फीडबैक फाउंडेशन को लगभग 3 वर्ष पहले नगर की स्वच्छता, स्वच्छ जल आपूर्ति, जल स्त्रोतों के गहरीकरण और निर्माण जैसे कार्यों के लिए लगाया गया था।

## नगर वासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम दी शिकायत, ब्लैकलिस्ट करने की मांग

'संस्था को करोड़ों रुपये का फंड मिला, लेकिन विकास कार्य सिर्फ कागजों में हुआ। नगर में स्वच्छता की हालत जस की तस है। जल स्त्रोतों की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआद्य

**फंड का बंदरबांट, निजी विकास का आरोप :** नगर वासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि संस्था ने सी एस आर फंड का बंदरबांट कर उसे हड़प लिया है। अब गोदरेज के बाद किसी अन्य कंपनी से नया फंड लेकर निजी विकास किया जा रहा है, नगर का नहीं।



**मुख्य नगर पालिका अधिकारी से तीन बड़ी मांगें :** नगर वासियों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि 1 फीडबैक फाउंडेशन को ब्लैकलिस्ट कर मालनपुर से हटाया जाए।2. संस्था को आगे काम करना है तो सभी पार्षदों की विशेष बैठक बुलाकर पिछले 3 साल का मदवार खर्च और कार्य विवरण सार्वजनिक किया जाए।3 सी एस आर फंड के दुरुपयोग को रोकने के लिए संस्था की गतिविधियों पर नजर रखी जाए।

**कलेक्टर से मिलेंगे नगर वासी :** शिकायतकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि जल्द ही भिंड कलेक्टर से मिलकर संस्था के कारनामों की पूरी पोल खोली जाएगी। नगर में आक्रोश है कि कंपनियों द्वारा जनता के हित में दिया गया पैसा कुछ लोगों की जेब में जा रहा है।

# ओवरलोड-तेज रफ्तार वाहन दे रहे हादसों को अंजाम, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान



नवभारत न्यूज

**भिंड 4 मई।** तेज रफ्तार व ओवरलोड वाहन सड़कों पर यमदूत बनकर दौड़ रहे है। हर वर्ष जिले भर में होने वाले सड़क हादसों में सैंकड़ों व्यक्तियों की मौत हो जाती है। इनमें से अधिकतर हादसे ओवरलोडिंग, तेल रफ्तार, नशा, टूटी सड़कों के कारण ही होते है। आरटीओ की ओर से हर साल ओवरलोड वाहनों के चालान कर करोड़ों रुपये का जुर्माना वसूला जाता है, लेकिन बावजूद इसके हादसों पर लगाम नहीं लग पा रही है। ओवरलोड वाहन न केवल लोगों की जिदंगी लील रहे है, बल्कि सड़क की लाइफ को भी कम करते है।

**जुगाड़ वाहन से होते हादसे:** मोटरसाइकिल को रिक्शा जैसा रुप देकर जुगाड़ वाहन बनाने का चलन बढ़ गया है। गांवों व शहर में दौड़ रहे जुगाड़ वाहन हादसों को न्यौता दे रहे है। इनके कारण कई बार सड़क हादसे भी हो चुके है। लेकिन जुगाड़ वाहनों पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नही हो पाई है। घर तक सामान ले जाने के लिए जनता भी टैंपों की अपेक्षा जुगाड़ वाहनों को ही प्राथमिकता देती है, क्योंकि ये टैंपों या किसी अन्य वाहन से सस्ते पड़ते है। ट्रैक्टर ट्रॉलियों के कारण भी बीते कुछ दिनों में कई जगह सड़क हादसे हो चुके है। ट्रॉली में पराली या भूसा इतना ज्यादा भर लिया जाता है कि सड़क पर दूसरे वाहनों को निकलने के लिए भी रास्ता नही बचता।

# कमिश्नर ने किया औचक निरीक्षण
# भिंड-मुरैना के गेहूं खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक

नवभारत न्यूज

**भिंड 4 मई।** चंबल संभाग के कमिश्नर सुरेश कुमार ने सोमवार को भिंड एवं मुरैना जिलों के विभिन्न गेहूं उपार्जन (खरीदी) केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुरूप खरीदी, तौल एवं गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## किसानों को सुविधा देने के निर्देश

कमिश्नर ने स्पष्ट कहा कि किसानों को खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खरीदी केन्द्रों पर छाया, पेयजल, बैठने की व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।



**भिंड जिले के खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण:** भिंड जिले के मेहगांव अनुभाग अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था कचनाव कला द्वारा दोनियापुरा स्थित बहुउद्देश्यीय कृषि सेवा केन्द्र परिसर में संचालित गेहूं खरीदी केन्द्र, सेवा सहकारी संस्था दोनियापुरा द्वारा बांके बिहारी वेयरहाउस में संचालित केन्द्र तथा सहकारी समिति अकलोनी के खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान किसानों ने तौल एवं अन्य व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। केन्द्रों पर बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता पाई गई तथा सर्वेयर द्वारा गुणवत्ता परीक्षण के बाद निर्धारित मानकों के अनुरूप गेहूं खरीदी की जा रही थी।

**बारिश को देखते हुए पुख्ता इंतजाम:** संभावित बारिश को ध्यान में रखते हुए खरीदी केन्द्रों पर तिरपाल एवं कवर की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। साथ ही तौल कांटों की उपलब्धता भी पर्याप्त पाई गई। कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौसम परिवर्तन की स्थिति में किसानों की उपज सुरक्षित रखने में कोई लापरवाही न बरती जाए।

**स्लॉट बुकिंग समस्या पर तुरंत सूचना देने के निर्देश:** कमिश्नर श्री कुमार ने किसानों से कहा कि स्लॉट बुकिंग से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते समाधान किया जा सके।

**मुरैना जिले के केन्द्रों पर भी व्यवस्थाएं बेहतर:** इसी क्रम में कमिश्नर ने मुरैना जिले की अंबाह तहसील अंतर्गत प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रिठौना द्वारा श्री रामकृष्ण वेयरहाउस में संचालित गेहूं खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया। यहां भी सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। कमिश्नर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि खरीदी कार्य पूरी पारदर्शिता एवं किसान हितैषी दृष्टिकोण के साथ संचालित किया जाए, जिससे किसानों को समय पर शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

# स्वास्थ्य योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प : डॉ . विशाल

नवभारत न्यूज

**भिंड 4 मई।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा उदय पैलेस में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. विशाल बघेल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ सेवा और समर्पण के संकल्प के साथ पूरे मध्यप्रदेश में सेवा प्रकल्प के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क इलाज एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करेगा।

डॉ. विशाल बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा सेवा, समर्पण और जनकल्याण के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है।




**दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ:** कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. सचेत व्यास, डॉ. रमेश दुबे तथा जिला संयोजक डॉ. शिवकुमार राजौरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**स्वास्थ्य योजनाओं की दी जानकारी:** डॉ. विशाल बघेल ने अपने संबोधन में केंद्र सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है। उन्होंने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना एवं मिशन इंद्रधनुष जैसी योजनाओं का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य आमजन को सस्ती, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाना प्राथमिकता:** विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति का विकास ही सरकार और संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्रकोष्ठ समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं सेवानिवृत्त जिला सीएमएचओ डॉ. एन.सी. गुप्ता, डॉ. गुलाब सिंह, डॉ. डी.के. शर्मा एवं डॉ. सुरेश बंसल का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। जिला संयोजक डॉ. शिवकुमार राजौरिया ने प्रदेश संयोजक डॉ. विशाल बघेल का 51 किलो की विशाल माला, साफा, तलवार एवं महादेव वानखंडेश्वर स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।

# रेलवे का सघन टिकट जांच अभियान, ग्वालियर-भिंड रेलखंड पर 45 यात्रियों से 7,740 से अधिक रेल राजस्व वसूला

नवभारत न्यूज

**भिंड 4 मई।** मंडल रेल प्रबंधक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा के निर्देशन में रविवार को ग्वालियर-भिंड रेलखंड के स्टेशनों एवं ट्रेनों में वृहद स्तर पर टिकट जांच अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, धूम्रपान एवं रेल परिसर में गंदगी फैलाने वाले यात्रियों पर प्रभावी कार्रवाई करना रहा।

**दिनभर चला विशेष जांच अभियान:** 4 मई को संचालित इस विशेष अभियान के दौरान टिकट जांच दल द्वारा ट्रेनों एवं स्टेशनों पर सघन जांच की गई। अभियान के दौरान बिना टिकट एवं अनियमित रूप से यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 45 यात्रियों से 7,740 से अधिक रेल राजस्व वसूला गया।




**अधिकारियों ने निभाई सक्रिय भूमिका:** इस अभियान का नेतृत्व सहायक वाणिज्य प्रबंधक आर.के. वर्मा ने किया। अभियान में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक रूप सिंह मीना, मुख्य टिकट निरीक्षक अनिल कुमार सिकरवार, उप मुख्य टिकट निरीक्षक अजेन्द्र सिंह, मनोज कावट एवं विकास श्रीवास्तव ने विशेष भूमिका निभाई।

**रेलवे ने यात्रियों से की अपील:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के टिकट जांच अभियान निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे उचित यात्रा टिकट लेकर ही यात्रा करें तथा निर्धारित सीमा से अधिक सामान को बुक कराकर ले जाएं। साथ ही यात्रियों से रेल परिसर में धूम्रपान न करने एवं स्वच्छता बनाए रखने की भी अपील की गई, ताकि रेलवे परिसर स्वच्छ एवं सुरक्षित बना रहे।

# एस आर एफ फाउंडेशन ने दीक्षांत समारोह में छात्रों को बांटे सर्टिफिकेट एवं टूल किट

## एस आर एफ फाउंडेशन के द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र से सीखकर एवं रोजगार पाकर युवाओं ने बनाई अपनी पहचान

नवभारत न्यूज

**मालनपुर 4 मई।** एस आर एफ फाउंडेशन द्वारा भिंड जिले के गोहद क्षेत्र में संचालित बेसिक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत बैच - 19 के विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह ट्रेनिंग सेंटर, बोहरे प्लाजा, मंडी तिराहा, गोहद में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बी.डी. पुरोहित प्राचार्य पॉलीटेक्निक कॉलेज भिण्ड के द्वारा सरस्वती पूजन के साथ किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रामलखन ने बताया कि चार माह के इस प्रशिक्षण में युवाओं को प्रैक्टिकल अनुभव के साथ इलेक्ट्रीशियन से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य सिखाए जाते हैं। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को हॉस्पिटल, गोदाम, हॉस्टल व घरेलू वायरिंग, विभिन्न प्रकार की लाइट, पंखा, कूलर वाइंडिंग तथा अन्य विद्युत उपकरणों की मरम्मत का भी प्रशिक्षण दिया जाता है एवं अतिथि सत्र और कंपनियों में एक्सपोज़र के माध्यम से बेहतर प्रशिक्षण एवं अनुभव देने का कार्य किया जा रहा है। प्रशिक्षण के पश्चात युवा स्वरोजगार के साथ-साथ कंपनियों एवं ठेकेदारों से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने में सक्षम हो रहे हैं। अब तक लगभग 550 से ज्यादा युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिनमें से 380+ ने परीक्षा पास कर 180 से अधिक छात्र रोजगार से जुड़ चुके हैं और अपना बेहतर जीवन जी रहे हैं ।






कार्यक्रम के दौरान चैनसिंह किरार ने बताया कि एसआरएफ फाउंडेशन, ग्रामीण शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत भिंड जिले के गोहद एवं मालनपुर क्षेत्र में 10 शासकीय विद्यालय, 30 आंगनवाड़ी केंद्र, डिजिटल बस तथा दो बेसिक इलेक्ट्रीशियन ट्रेनिंग सेंटर के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से निरंतर कार्य कर रही है।कार्यक्रम के दौरान जिला रोजगार अधिकारी उपेंद्र शर्मा ने एसआरएफ फाउंडेशन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों एवं नवाचारों की सराहना करते हुए कहा कि एसआरएफ फाउंडेशन ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर रही है। सेन्टर पर छात्रों को दिया जा रहा प्रशिक्षण न केवल तकनीकी ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास भी बढ़ाता है, जिससे वे अपने पैरों पर खड़े होकर सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। साथ ही कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं को रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित करते हैं। साथ ही उन्होंने केंद्र पर और अधिक आधुनिक तकनीकी उपकरण उपलब्ध कराने अनुरोध किया, जिससे प्रशिक्षण को प्रभावी एवं उपयोगी बन सकें, जिससे छात्रों को नई तकनीकों को सीखने का अवसर मिलेगा और वे वर्तमान समय की मांग के अनुसार खुद को बेहतर ढंग से तैयार कर पाएंगे। अंत में रोजगार अधिकारी ने एसआरएफ फाउंडेशन से आग्रह किया कि वह समाज कल्याण एवं छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए इसी प्रकार निरंतर कार्य करता रहे, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके। दीक्षांत समारोह के दौरान उपस्थित मुख्य अतिथियों के द्वारा बैच 19 के 24 छात्रों को टूल किट एवं स्किल इंडिया एवं एस आर एफ फाउंडेशन का प्रमाण पत्र प्रदान किये।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्राचार्य बी.डी. पुरोहित (शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज भिण्ड), विशिष्ट अतिथि जिला रोजगार अधिकारी उपेंद्र शर्मा (रोजगार कार्यालय भिण्ड), चैन सिंह किरार (जिला कार्यक्रम अधिकारी), इन्स्ट्रक्टर संतोष कुमार, रविंद्र कौरव, रामलखन सहित कुल 45 छात्र उपस्थित रहे।